Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 10-03-2006

Participants : Mahto Shri Tek Lal

an>

Title : Need to solve acute drinking water problem in Girdih Parliamentary Constituency, Jharkhand.

श्री टेक लाल महतो (गिरिडीह) : अध्यक्ष महोदय, अतिमहत्वपूर्ण समस्या की ओर सदन के माध्यम से आपका ध्यान आकृट करते हुए कहना है कि झारखंड राज्य के कोयला क्षेत्र में खनन के कारण जलस्तर काफी नीचे चला गया है और पूरे क्षेत्र में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है, खास कर गिरिडीह जिलान्तर्गत बुढ़िया खाद, मोती मुहल्ला, बनियाडीह, भंडारीदह, पचम्बा एवं बोकारो जिला के गोमिया प्रखंड के गोमिया, झिरकी, होसीर, साडम, हजारी, खुदगडा, ठेडे, बिरसा, तुलबुल, लटखुटा, बांध बस्ती, कटहारा तथा बेरमो प्रखंड के बेरमो, ढोरी, फुसरो, जरीडीह, लोधखेडा, घुटियाटांड, कुडुकमनिया, चार नम्बर, कारो, बेदकारो, माकोली, दुगदा, कल्याणी, चन्द्रपुरा, बेडिया, जरंगडीह, जैना मोड, बोकारो जिला के पेटरवार प्रखंड के चापी, खेतको, पिछरी, अंगवाली, चांदी, रोहर आदि क्षेत्रों में तथा धनबाद जिला के बाघमारा प्रखंड के कतरासगढ़, पचगढ़ी, छाताबाद, लोयाबाद, भटमुडना, भाटडीह, कपूरिया, रूदी कपूरिया, सलानपुर, गुहीबांध, झिझिंपहाड़ी, बंसुरिया, मन्दरा, बासजोडा, सिजुआ, मुराइडीह, मुरलीडीह, मलकेरा, भेलाटांड आदि क्षेत्रों में कोयला खनन के कारण जलस्तर काफी नीचे चला गया है और कई क्षेत्रों में पानी का स्रोत सूख गया है।

उपरोक्त क्षेत्र के लगभग पांच लाख लोग कोयला खनन के कारण जल संकट से काफी परेशान हैं। अतः जनहित में आपसे सदन के माध्यम से आग्रह करता हूं कि इन सभी ग्रामवासियों को अतिशीघ्र पेयजल उ पलब्ध कराने की व्यवस्था की जाये।

(xiii) Need to encourage setting up of Chip manufacturing

units in Bangalore, Karnataka